झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

2 Sep 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 2 सितंबर का इतिहास

- **1573 :** अकबर ने गुजरात फतह किया।
- **1666 :** लंदन में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हजार इमारतें नष्ट हो गई।
- **1798 :** अंग्रेजों ने हैदराबाद के निजाम के साथ समझौता किया।
- **1946 :** जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन हुआ।
- **2006 :** पश्चिमी ईराक में 3 भारतीयों और 11 पाकिस्तानियों की अपरण के बाद हत्या कर दी।

## 2 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम पेश किया हैं। यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर 2023 से भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम लागू होगा। यह देश में विकसित वाहनों की स्टार रेटिंग प्रणाली हैं। इसका उद्देश्य एक्सीडेंट की स्थिति में वाहनों की सुरक्षा प्रणाली का मूल्यांकन करना है, ताकि उपभोक्ता कार खरीदते समय सही फैसला लेने में सक्षम बन सकें। इसके तहत वाहनों, विशेष रूप कारों को दुर्घटना से बचाने के लिए उनका सख्त नियमों के अंतर्गत क्रैश टेस्ट किया जाएगा।
- भारतीय वायु सेना ने अभ्यास ब्राइट स्टार-23 में भाग लेने के लिए अपनी एक टुकड़ी भेजी हैं। ब्राइट स्टार-23 मिश्र के काहिरा में आयोजित होने वाला एक द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास हैं। इसका उद्देश्य संयुक्त अभियानों की योजना और कार्यान्वयन का अभ्यास करना हैं। यह पहली बार है कि भारतीय वायुसेना इस अभ्यास में भाग ले रही हैं। इस अभ्यास में संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की सैन्य टुकड़ियां भी भाग लेंगी। भारतीय वायु सेना के दल में पांच MIG-29, दो IL-78, दो C-130 और दो C-17 विमान शामिल होंगे।
- कोलकाता शहर ने महत्वपूर्ण कदम उठाकर भारतीय ट्रॉपिकल मीटरोकॉजिकल इंस्टीट्यूट पुणे द्वारा विकसित एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम को अपनाया हैं। यह सस्टिम वास्तविक समय में वायु प्रदूषण डेटा और पूर्वानुमान दोनों प्रदान करता हैं, शहर के अधिक बढ़ते वायु प्रदूषण स्तरों के साथ निपटने के उपायों को बढ़ावा देने और सुरक्षित रहने की क्षमता को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता हैं। कोलकाता में एक्यूज में वायु गुणवत्ता सूचकांक की निगरानी करने के लिए एक जटिल सेंसर नेटवर्क से लैस हैं।
- पंचायती राज मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई स्वामित्व योजना को 2023 में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य नवाचारी तकनीकों का प्रयोग करके नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करना हैं। यह सम्मान भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और सार्वजनिक शिकायतों विभाग द्वारा आयोजित की गई मध्यप्रदेश के इंदौर में 26वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत किया गया था।
- भारत में महिलाओं के स्वामित्व वाले एक लाख छोटे व्यवसायों को सहयोग देने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने फ्रंटियर मार्केट्स और मास्टरकार्ड के साथ साझेदारी की है। शी लीड्स भारतः उद्यम पहल से राजस्थान और उत्तर प्रदेश की महिला व्यवसायियों को फ्रंटियर मार्केट्स के मेरी सहेली मंच के जरिए कौशल बढ़ाने और कमाई करने में मदद मिलेगी। इस पहल के तहत छोटे व्यवसायों से जुड़ी 10,000 महिला उद्यमी एयरटेल पेमेंट्स बैंक की बिजनेस कॉरिस्पोंडेंट बनकर आय बढ़ा सकेंगी।
- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में पुरूष एकल वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। प्रणय डेनमार्क के कोपनहेगन में हुए सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गए।
- पीएम मोदी ने व्यवसायों और उपभोक्ताओं के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक सेवा दिवस का विचार दिया। उन्होने नैतिक आर्टिफिशियल इंटेजिलेंस को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित बी20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक सेवा दिवस का आहान किया।
- मुंबई में एक 79 वर्षीय व्यक्ति को जीका वायरस से संक्रमित पाया गया हैं। इस मामले के सामने आने के बाद से लोग सर्तक हो गए हैं। यह भी मच्छर से होने वाली के जरिए फैलने वाला एक वायरस हैं, जो मच्छर के काटने से फैलता है। बरसात के मौसम में अक्सर मच्छरों से जुड़ी कई तरह की बीमारियां लोगों को अपना शिकार बनाती है, जीका वायरस इन्हीं में से एक है।
- शासन के विकेंद्रीकरण को बढ़ाने और संबंधित विभागों के अभिसरण में सुधार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम में, असम मंत्रिमंडल ने चार नए जिलों का निर्माण करके एक साहसिक कदम उठाया हैं, जिन्हें पहले दिसंबर में समाप्त कर दिया गया था। यह निर्णय चुनाव आयोग के निर्णय के साथ मेल खाता है जिसने असम में संसदीय और विधायिका संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को RP एक्ट, 1950 की धारा 8A के अनुसार परिभाषित करने का निर्णय लिया हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. भारत और एशियाई विकास बैंक द्वारा कहां पर एक जलवायु परिवर्तन ओर स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा ?**

(A) जम्मू कश्मीर (B) दिल्ली
(C) उत्तर प्रदेश (D) हिमालच प्रदेश

**(B)** जलवायु परिवर्तन ओर स्वास्थ्य के लिए नया केंद्र ज्ञान साझा करने, साझेदारी और नवाचारों को बढ़ावा देगा और जी-20 से परे देशों, विशेष रूप से विकासशील देशों की मदद करेगा। जलवायु परिवर्तन ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है और यह केंद्र विभिन्न भागीदारों के साथ इस महत्वपूर्ण मुद्दें पर चर्चा करने ओर एक दूसरे से सीखने का अवसर देगा।

**2. हाल ही में भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत अवार्ड की घोषणा की गई है, इसमें उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने कितने अवार्ड जीते हैं ?**

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 5

**(C)** उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 अवार्ड जीते और राजस्थान को स्टेट अवार्ड में तीसरा स्थान मिला हैं। भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत इसकी घोषणा की गई हैं। राष्ट्रीय स्तर पर नॉर्थ जोन कैटेगरी में उदयपुर स्मार्ट सिटी कंपनी पहले पायदान पर हैं। राष्ट्रपति 27 सितंबर 2023 को इंदौर में आईएसएसी 2022 पुरस्कारों के विजेताओं को सम्मानित करेंगे।




**3. हाल ही में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बन गए ?**

(A) मिल्खा सिंह (B) नीरज चोपड़ा
(C) आकाशदीप सिंह (D) प्रवीण कुमार

**(B)** नीरज चोपड़ा ने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरूषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए, जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**4. हाल ही में प्रोजेक्ट अम्बर के तहत कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय कितने विद्यार्थियों को क्लाउड कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है ?**

(A) 500 शिक्षार्थी (B) 900 शिक्षार्थी
(C) 1100 शिक्षार्थी (D) 1500 शिक्षार्थी

**(D)** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय 1500 शिक्षार्थियों को क्लाउड कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा हैं। इसके तहत कौशल प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जा रहा हैं। यह प्रशिक्षण प्रोजेक्ट अम्बर के तहत चलाया जा रहा हैं। यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन और एमेजन वेब सर्विसेज के सहयोग से चलाया जा रहा है।

AMBER
Accelerated Mission for Better Employment and Retention

**5. हाल ही में किस मंत्रालय ने लघु सिंचाई योजनाओं पर छठी गणना की रिपोर्ट जारी की है ?**

(A) जल शक्ति मंत्रालय (B) शिक्षा मंत्रालय
(C) गृह मंत्रालय (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय ने लघु सिंचाई योजनाओं पर छठी गणना की रिपोर्ट जारी की हैं। यह गणना केंद्र प्रायोजित योजना सिंचाई गणना के तहत आयोजित की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार देश में 23.14 मिलियन लघु सिंचाई योजनाएं बताई गई हैं। इनमें 21.93 मिलियन भूजल और 1.21 मिलियन सतही जल योजनाएं हैं।

सत्यमेव जयते
जल शक्ति मंत्रालय
MINISTRY OF JAL SHAKTI

Contact : 8084818282, 9113365645

**6. हाल ही में किस आईआईटी को एक गुमनाम दानदाता से 160 करोड़ रूपये का दान मिला है ?**

(A) IIT मद्रास (B) IIT बॉम्बे
(C) IIT कानपुर (D) IIT खड़गपुर

**(B)** हाल ही में एक गुमनाम डोनर से आईआईटी बॉम्बे को 160 करोड़ रूपये का दान मिला हैं। आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर सुभाशीष चौधरी ने बताया कि भारतीय शिक्षा जगत में यह एक दुर्लभ घटना है कि कोई परोपकारी व्यक्ति गुमनाम रहना चाहता हैं। बताया जा रहा है कि डोनर एक पूर्व छात्र हो सकता है।




**7. हाल ही में डच ग्रैंड प्रिक्स 2023 किसने जीता ?**

(A) मैक्स वेरस्टापेन (B) लुईस हैमिल्टन
(C) माइकल शूमाकर (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** मैक्स वेरस्टापेन ने तीसरे संयुक्त वर्ष में डच ग्रैंड प्रिक्स जीतकर अपने होम रेस में एक बार फिर विजय प्राप्त की हैं। महत्वपूर्ण जीत के साथ, वेरस्टापेन ने अब सेबास्टियन वेटल के नौ एफ1 जीतों के सभी समय के रिकॉर्ड को मान्यता दिलाई है। फर्नांडो आलोंसो ने एक हफ्ते में वापस पोडियम पर लौटने में सफलता प्राप्त की, जब एस्टन मार्टिन ने कार के लिए एक संशोधित फ्लोर लगाया और उन्होंने दूसरी जगह पर पंक्तियों को पार किया।




**8. हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में कितने प्रतिक्षत आरक्षण की घोषणा की है ?**

(A) 20% (B) 30%
(C) 35% (D) 40%

**(C)** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना में महिलाओं को दी जाने वाली वितीय सहायता 1000 से बढ़ाकर 1250 प्रति माह कर दी है। इसके अलावा एमपी के सीएम ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35% प्रतिशत आरक्षण की भी घोषणा की है।



**9. हाल ही में नासा और स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान कितने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ले गया है ?**

(A) 2 (B) 4
(C) 7 (D) 10

**(B)** फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा ले जाया गया ड्रैगन अंतरिक्षयान फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ। क्रू-7 की कमान अमेरिकी जैस्मीन मोघबेली संभाल रही हैं। और इसमें डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरूकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव शामिल है।



**10. हाल ही में किस देश ने भारत से सात आवश्यक वस्तुओं की सुरक्षित आपूर्ति की मांग की है ?**

(A) नेपाल (B) श्रीलंका
(C) जापान (D) बांग्लादेश

**(D)** बांग्लादेश ने भारत से गेहूं, चावल, मसूर, चीनी, प्याज, लहसुन, और अदरक समेत सात आवश्यक वस्तुओं की सुनिश्चित आपूर्ति की मांग की हैं। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी ने जयपुर में जी-20 देशों के वाणिज्य और निवेश मंत्रियों की बैठक से पहले अपने भारतीय समकक्ष पीयूष गोयल से इस संबंध में आग्रह किया।



Contact : 8084818282, 9113365645